# मई में होगी उद्यमी मित्र की नियुक्ति

लखनऊ। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में निवेश करार करने वाले उद्यमियों की सहायता के लिए उद्यमी मित्रों की नियुक्ति मई तक होगी। औद्योगिक विकास विभाग ने 125 उद्यमी मित्र नियुक्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। विभाग को करीब 1300 से अधिक आवेदन मिले हैं। विभाग आवेदकों की परीक्षा व साक्षात्कार के बाद इनका चयन करेगा। इस प्रक्रिया को पूरा होने में करीब एक महीने का समय लगेगा।

**1300 से अधिक आवेदन मिले 125 पदों के लिए**

बता दें, सरकार ने निवेशकों की मदद के लिए प्रत्येक जिले में एक उद्यमी मित्र तैनात करने के साथ प्रत्येक सेक्टर और प्रमुख विभागों के लिए उद्यमी मित्र नियुक्त करने का निर्णय किया है।

उद्यमी मित्र निवेशकों को भूमि आवंटन, एनओसी सहित अन्य आवश्यक कार्य में मदद करेंगे। सरकार ने अगस्त सितंबर में प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम में 6 लाख करोड़ तक के निवेश करार को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में उद्यमी मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। ब्यूरो